Bharat Temples

तेरा नाम लिया,
तुझे मान लिया,
अब कर दो बेडा पार,
सुनलो इस दुखिया की पुकार,
सुनलो इस दुखिया की पुकार।।

तर्ज मन डोले मेरा तन डोले।

दुनिया बुरा बतावे मुझको,
गाली दे नर नार,
भवर बीच मेरी नैय्या अटकी,
कर दे मोहन पार,
रे बाबा कर दे मोहन पार,
पालन करता दुखड़े हरता,
तू बाबा कृष्ण मुरार,
सुनलो इस दुखिया की पुकार,
सुनलो इस दुखिया की पुकार।।

सास मेरी मुझे डायन कहवे,
ननंद बनावे बात,
सखी सहेली ताने मारे,
खाली दोनों हाथ,
रे बाबा खाली दोनों हाथ,
धीरज धरदे दुखड़े हर दे,
मेरे बाबा कष्ट हजार,

सुनलो इस दुखिया की पुकार,
सुनलो इस दुखिया की पुकार।।

ससुर मेरा मुझे बाँझ बतावे,
घर से काढ़े बाहर,
विपत घनी मैं बाबा मोहन,
आयी तेरे द्वार,
रे बाबा आयी तेरे द्वार,
झोली भर दे,
कृपा कर दे,
तू कर मेरा उद्धार,
सुनलो इस दुखिया की पुकार,
सुनलो इस दुखिया की पुकार।।

बाबुल मेरा नाय बुलावे,
ना कोई मेरी बात सुने,
दुखिया रोवे तेरे द्वार पे,
काया ने दिन रात धुनें,
रे हाँ काया ने दिन रात धुनें,
गुणे राम किशन,
रहे सागर मगन,
करे देविंदर प्रचार,
सुनलो इस दुखिया की पुकार,
सुनलो इस दुखिया की पुकार।।

तेरा नाम लिया,
तुझे मान लिया,
अब कर दो बेडा पार,

सुनलो इस दुखिया की पुकार,
सुनलो इस दुखिया की पुकार।।

यह भजन भजन डायरी एप्प,
द्वारा जोड़ा गया। आप भी अपना,
भजन यहाँ जोड़ सकते है।

भजन गायक सुशील शर्मा निगरावठी,
ग़ाज़ियाबाद (उत्तर प्रदेश)
मोबाईल 9319827248

Source: https://www.bharattemples.com/tera-naam-liya-tujhe-maan-liya-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw